हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

13 डीएससी ने पात्र परिवारों के मौके पर ही बनाए राशन कार्ड...



14 विकास कार्य न होने से गुस्साए पार्षद ने दिया धरना



## खबर संक्षेप

### महिला सहित दो तस्करों की संपतियां जब्त

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नशे के कारोबार में संलिप्त दो और तस्करों की संपत्तियों को जब्त किया है। यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ) के तहत की गई है, जो तस्करों की अवैध संपत्ति को अटैच करने की कानूनी प्रक्रिया है। यह जिला स्तरीय नशा विरोधी अभियान का एक अहम हिस्सा है, जिसे पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में निरंतर संचालित किया जा रहा है। अब तक इस अभियान के अंतर्गत कुल सात नशा तस्करों की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्यक्रम आज

**फतेहाबाद।** मेजर ध्यान चंद की जयंती पर 29 अगस्त को 9 बजे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गांव बैजलपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला आगामी 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव - फिट युवा विकसित भारत कार्यक्रम पोर्टल का शुभारंभ करेंगे।

### भिरडाना गोलीकांड के एक और दबोचा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गांव भिरडाना में हुई फायरिंग की गंभीर वारदात में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार कर एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सिदान्त जैन के दिशा-निर्देशों और नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अमित पुत्र भालूराम निवासी गांव रोहेड़ा, तहसील कैथल के रूप में हुई है।

### पुलिस ने दहेज के आरोपी को गिरफ्तार

**सिरसा।** महिला थाना प्रभारी दर्शना देवी ने बताया कि जिला की पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना में बीती 14 जुलाई को दहेज का मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच एएसआई सीमा ने की। इस दौरान उन्होंने हिसार निवासी आरोपी अमित मुवाल को गिरफ्तार किया है।

### सांसद सैलजा आज रानियां में सुनेंगी समस्याएं

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा 29 अगस्त को रानियां विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी और लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जानेंगी। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट संदीप नेहरा ने बताया कि सांसद गांव सहुवाला प्रथम, खारियां, चक्कां, मम्मड़ खेड़ा, ढुडियांवाली, जीवन नगर, नकौड़ा और रानियां शहर में लोगों से मुलाकात करेंगी।

### क्रेडिट कार्ड बंद करने के नाम पर हजारों ठगे

**फतेहाबाद।** क्रेडिट कार्ड बंद करने के नाम पर साइबर ठगों ने फतेहाबाद के एक युवक से हजारों रुपये हड़प लिए। ओटीपी बताते हुए युवक के क्रेडिट कार्ड से 58 हजार रुपये कट गए। इस पर पीड़ित युवक की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव किरढ़ान निवासी सुरेश कुमार ने कहा है कि वह फर्नीचर का काम करता है और उसके पास स्टेट बैंक इंडिया का क्रेडिट कार्ड है। 20 अगस्त को उसके मोबाइल पर कॉल आई और उसने कहा कि अगर उसने अपना क्रेडिट कार्ड बंद करवाना है तो वह फोन कॉल के माध्यम से अपना क्रेडिट कार्ड बंद करवा सकता है। इस पर उसने क्रेडिट कार्ड बंद करने के लिए हां कर दी।

## घरों में 2 से 3 फुट तक पानी भरा, अधिकारियों ने दौरा कर लिया जायजा

# लहरिया में भारी बारिश से जलभराव, 50 से ज्यादा घरों में घुसा पानी, राहत कार्य जारी

### मिट्टी से भरे बैगों की मदद से जल रोकथाम के उपाय किए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

लहरिया गांव में बीते दिनों हुई मूसलधार बारिश के बाद हालात बेहद खराब हो गए हैं। इंदाछोई रोड और बुवान कोठी रोड एरिया में जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई है। करीब 50 से ज्यादा घरों में 2 से 3 फुट तक पानी भर गया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इंदिरा गांधी एवं महात्मा गांधी रिहायशी कॉलोनी में रहने वाले मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खंड विकास पंचायत अधिकारी ऋषभ सिंगल व ग्राम सचिव राजेश कुमार शर्मा तथा सुशील कुमार और बिजली निगम के एसडीओ अमित कुमार ने जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। 33 केवी का बिजली घर भी पानी की चपेट में आ गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ग्राम पंचायत की ओर से फौरन राहत कार्य शुरू कर दिए गए हैं। मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों की मदद से पानी के बहाव को गांव, स्कूल, बिजली घर और आबादी वाले इलाकों की ओर बढ़ने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। मिट्टी से भरे बैगों की मदद से जलरोकथाम के उपाय किए जा रहे हैं। दिनभर चले इस राहत कार्य में मजदूरों ने गांव की सुरक्षा के लिए जी-जान लगाई।

#### हालात पर प्रशासन की पैनी नजर

सरपंच प्रतिनिधि नवदीप नेहरा ने बताया कि प्रशासन की मदद से तेजी से जल निकासी के प्रयास किए जा रहे हैं। राहत शिविरों में लोगों को जरूरी सामान और स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। हालात पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है।

#### परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

गांव की सरपंच अरूणा नेहरा की अगुवाई में 50 से अधिक प्रभावित परिवारों को कम्युनिटी सेंटर और अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्रभावित लोगों के लिए खाने-पीने और रहने की विशेष व्यवस्था की गई है। सरपंच प्रतिनिधि जगदीश नेहरा ने बताया कि बरसाती पानी इंदाछोई की दिशा से लहरिया गांव में आया, जिससे खेत, खलिहान, स्कूल और जोहड़ पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। लहरिया और रहनखेड़ी के आसपास करीब 400 एकड़ में पानी फैल चुका है, जिससे खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। प्रभावित कॉलोनियों में लोग बाल्टियों की मदद से घरों से पानी बाहर निकालते नजर आ रहे हैं। बस स्टैंड एरिया, इंदाछोई रोड और बुवान कोठी रोड पर 3 फुट से अधिक पानी जमा है।



**भूना।** लहरिया गांव की गली में जलभराव। *फोटो: हरिभूमि*

# एसडीएम ने चांदपुरा साइफन व घग्गर नदी का किया निरीक्षण

- इंजीनियरिंग विंग को मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के बाद घग्गर नदी उफान पर है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने वीरवार को घग्गर नदी, चांदपुरा साइफन और अन्य बाढ़ संभावित क्षेत्रों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन शाखा के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को बाढ़ से बचाव की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए।एसडीएम ने बताया कि प्रशासन द्वारा जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी के इंतजाम किए गए हैं, अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र में इस पर निगरानी रखें। एसडीएम आकाश शर्मा ने इंजीनियरिंग विंग को सख्त निर्देश दिए कि वे पूरी तरह अलर्ट रहें और किसी भी स्थिति में मुख्यालय न छोड़ें। उन्होंने कहा कि नदी, नालों और साइफन पर लगातार निगरानी रखी जाए ताकि किसी भी तरह की आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां-जहां तटबंध बांध कमजोर दिखाई दे रही हैं, उनकी तुरंत मरम्मत की जाए और कार्य की रिपोर्ट नियमित रूप से मुख्यालय को भेजी जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि पर्याप्त मात्रा में आवश्यक उपकरण तैयार रखे जाएं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपयोग किया जा सके। साथ ही, उन्होंने कहा कि फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारी चौकसी बरतें और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएं। एसडीएम आकाश शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिदायत दी कि वे समय पर सुबह 9 बजे अपने-अपने कार्यालय पहुंचे और नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों और जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उन्हें तुरंत हल किया जाए।



घग्गर का निरीक्षण करते एसडीएम।

### महिला को यूजर लेवल कोर्स करवाया

# धारनिया में महिलाओं को दी कृषि यंत्र चलाने की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

कृषि क्षेत्र में महिलाओं को निपुण बनाने को लेकर गांव धारनियां की गौशाला में तीन दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग में गांव की काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम उत्तरी क्षेत्र कृषि मंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान हिसार द्वारा करवाए गए। इस ट्रेनिंग में महिला को यूजर लेवल कोर्स करवाया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को विभिन्न तरह की कृषि संबंधी मशीनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें बैटरी चलने वाला औजार, स्प्रेयर, आलू छिलाई यंत्र, मूंगफली छिलाई यंत्र, ब्रश कटर आदि को चलाने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। यह जानकारी देते हुए ट्रेनिंग तकनीकी सहायक गुरजीत सिंह ने बताया कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। महिलाओं को कृषि कार्यों में भी निपुण बनाने के लिए इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



**फतेहाबाद।** गांव धारनियां में कृषि यंत्रों का प्रशिक्षण लेती महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

# स्वास्थ्य कर्मियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल

- स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जिओ फेंसिंग के विरोध में की सांकेतिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

स्वास्थ्य कर्मचारियों ने वीरवार को जिओ फेंसिंग के विरोध में सिरसा के नागरिक अस्पताल में सांकेतिक भूख हड़ताल की गई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करतेहु ए डा. विपुल गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों पर थोपी जा रही जिओ फेंसिंग अटेंडेंस के विरोध में यह भूख हड़ताल राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर की गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग केअधिकारी व कर्मचारी सरकार के ऐसे आदेशों के खिलाफ खड़े हैं और इस प्रकार के किसी भी तानाशाही फरमान को नहीं मानेंगे। डा. विपुल गुप्ता ने कहा कि अभी सरकार को जगाने के लिए सांकेतिक भूख हड़ताल की जा रही है, यदि जरूरत पड़ी तो अधिकारी व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे। धरना स्थल पर सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र कुमार भादू को सभी संगठनों के पदाधिकारी द्वारा जिओ फेंसिंग के विरोध में निजता के उल्लंघन के मामले में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कर्मचारियों ने नई स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी का गठन भी किया गया, जिसमें डॉ आरके दहिया प्रधान, डॉ. विपुल गुप्ता सचिव, योगेश खन्ना सह सचिव, राजेश कुमार मीडिया प्रभारी,चरण सिंह लेखाधिकारी, सुनीता एडवाइजर, अमित कुमार व विकास ढिल्लों सदस्य मनोनीत किया गया है।



**सिरसा।** जिला नागरिक अस्पताल में भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी।

# पौधों को उचित देखभाल जरूरी : बिश्नोई

- नई सब्जी मंडी फतेहाबाद में पेड़ पौधे लगाने का अभियान लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नई सब्जी मंडी फतेहाबाद में पेड़ पौधे लगाने का अभियान लगातार जारी है। सब्जी मंडी के एक कोने में जहां कूड़ा करकट का ढेर लगा रहता था, उस जगह को साफ सुथरा करके प्लास्टिक कचरा निकाल करके पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। इस अभियान में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ओमप्रकाश बिश्नोई ने आज श्रमदान किया। पेड़ पौधों के बारे में उन्होंने बताया कि शहर मे किन-किन वैरायटी के पौधे लगाए जा सकते हैं जो आसानी से बड़े हो सकते हैं। उन्होंने फल-फूल वाले पौधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले महीना में फूल वाले पौधे बड़ी आसानी से किस प्रकार से लगाए जा सकते हैं। ओमप्रकाश बिश्नोई ने कहा कि हमें पौधे लगाने भी चाहिए और नियमित रूप से उनक्री देखभाल भी करनी चाहिए, तभी हमारा उद्देश्य पूरा होगा। सड़क के दोनों किनारो पर और दुकानों के आगे पौधे लगाए जा सकते हैं जिसमें दुकानदारों का सहयोग लिया जा सकता है ताकि शहर सुंदर व हरा भरा नजर आए।



**फतेहाबाद।** पौधारोपण करते सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ओमप्रकाश बिश्नोई।

#### जारी रहेगा अभियान

इस अभियान का संचालन कर रहे एडवोकेट महेंद्र कुमार धारनिया ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और सभी वर्गों को साथ लेकर के पौधारोपण किया जाएगा और पहले से लगाए हुए पौधों की देखभाल की जाएगी। इस अभियान में नरेश सचदेवा एडवोकेट, सतीश कुमार बाटू, रविदास विश्व महापीठ के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र चौहान, राम रेहलन, हंसराज सचदेवा, राजू व सतीश ने श्रमदान किया और पेड़ पौधे लगाए फूल वाली बेल लगाई और पहले से लगाए हुए पेड़ों में दवाई भी दी गई।

# फतेहाबाद के सैक्टर 3 में बनेगी नई सड़कें, 73 लाख होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा फतेहाबाद शहर के सेक्टर-3 पार्ट वन की सभी सडक़ों का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा 73 लाख 18 हजार रुपए की राखि खर्च की जाएगी। सडक़ निर्माण को लेकर प्राधिकरण ने टेंडर लगाया गया है। यह टेंडर 4 सितंबर को खुलेगा। इसके बाद एजेंसी का वर्क ऑर्डर जारी होंगे और उसके बाद सडक़ों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। टेंडर के अनुसार, सेक्टर तीन पार्ट वन में 10 मीटर की सडक़ों पर टेक कोट सहित 30 एमएम मोटी बिटुमिन कन्क्रीट की लेयर बिछाई जाएगी। इससे सड़क बेहतर और मजबूत बन सकेंगी।

#### टेंडर की शर्तें

सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी के पास तीन साल का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड रहेगा। यानी तीन साल तक रोड में कोई खराबी आने पर एजेंसी को ठीक करवाना होगा। विशेष बात यह है कि टेंडर की शर्तों में यह मेंशन किया गया है कि माइनर पेचवर्क को दो दिन में, जबकि मेजर पेचवर्क को सात दिन में करवाना होगा। अन्यथा एजेंसी पर रोजाना के हिसाब से पैनल्टी लगेगी। एचएसवीपी की ओर से शहर में 11 से ज्यादा सेक्टर काटे हुए हैं, मगर इनमें से कामयाब सिर्फ सेक्टर तीन और सेक्टर तीन पार्ट ही हो सकें हैं। इन्हीं सेक्टर में लोगों ने रिहायश की हुई है। बाकी सेक्टरों के प्लॉट खाली पड़े हैं। अब सेक्टर-9 में 200 बेड का नया अस्पताल बनने और उसके पास ही सिटी थाना बनने से इन सेक्टरों में भविष्य में रिहायश बढने की संभावना बनी है। इस बारे एचएसवीपी के एक्सईएन भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सेक्टर तीन पार्ट वन में रोड बनाने के लिए टेंडर लगाया गया है। यह टेंडर 4 सितंबर को खुलेगा। जो एजेंसी टेंडर लेगी, उसे वर्क ऑर्डर जारी कर जल्द काम शुरू करवाया जाएगा।

# अध्यापक की बेटी का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

- सिर्फ 59 सेकंड में 100 बार सेतु बंधासन बनाकर स्थापित किया नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

राजकीय मिडल स्कूल किंगरे खंड ओढ़ा के मुख्याध्यापक ज्ञान चंद मजोका की 23 वर्षीय बेटी डॉ. सेजल ने योग के क्षैत्र में अपनी असाधारण प्रतिभा से माता पिता का नाम रौशन किया है। डॉक्टर सेजल ने महज 59 सेकंड में 100 बार सेतु बंधासन (ब्रिज पोज) योग मुद्रा बनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया है।यह रिकॉर्ड उन्होंने एक ऑनलाइन प्रतियोगिता के दौरान बनाया। डॉ. सेजल इस समय फिजियोथेरेपी में मास्टर डिग्री कर रही हैं। अपनी इस उपलब्धि पर डॉ. सेजल ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी बेहद सहायक है। डाक्टर सेजल का मानना है कि इस रिकॉर्ड के पीछे उनका नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास और धैर्य ही रहा।



## पुलिस ने जारी की चेतावनी, अनजान लिंक और रिमोट एक्सेस ऐप्स से रहें सतर्क

# ऐनी डेस्क ऐप के जरिए साइबर ठगी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ऑनलाइन लेनदेन और खरीदारी के बढ़ते चलन के साथ साइबर ठगी के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। खासतौर पर ऐनी डेस्क जैसे रिमोट एक्सेस मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके साइबर अपराधी आम नागरिकों को अपना निशाना बना रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद सिद्धांत जैन ने आमजन की जागरूकता के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर ठग ऐनी डेस्क ऐप का दुरुपयोग कर मोबाइल फोन में घुसपैठ कर लेते हैं और लोगों के बैंक खातों से संबंधित संवेदनशील जानकारी तक पहुंच बना लेते हैं। यह एक रिमोट डेस्कटॉप टूल है, जो किसी अन्य व्यक्ति को आपके मोबाइल या कंप्यूटर की स्क्रीन को दूर बैठकर देखने और नियंत्रित करने की अनुमति देता है। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए ऐप लिंक पर क्लिक न करें। ऐनी डेस्क, टीम व्यूअर जैसे रिमोट एक्सेस ऐप्स अपने मोबाइल में डाउनलोड न करें। अपने बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड, पिन या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी तकनीकी समस्या के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट या मान्य स्त्रोत से ही कस्टमर केयर नंबर प्राप्त करें। यदि आप किसी साइबर धोखाधड़ी के शिकार होते हैं, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। इसके अतिरिक्त, आप अपने नजदीकी थाने में स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर भी संपर्क कर सकते हैं।



एसपी सिद्धांत जैन।

#### एप के माध्यम से इस प्रकार करते है ठगी

एसपी ने बताया कि ठग अक्सर सोशल मीडिया, व्हाट्सएप या अन्य प्लेटफॉर्म्स के जरिए ऐनी डेस्क का लिंक भेजते हैं। कई बार वे खुद को कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताकर किसी समस्या के समाधान के बहाने यूजर से ऐनी डेस्कया टीम व्यूअर जैसे ऐप डाउनलोड करवा लेते हैं। जब ऐप इंस्टॉल हो जाता है, तो वे 9 अंकों वाला रिमोट एक्सेस कोड मांगते हैं। जैसे ही यूजर यह कोड और आवश्यक अनुमतियां देता है, ठग उस मोबाइल की स्क्रीन को लाइव देख सकते हैं और बैंकिंग गतिविधियों को रिकॉर्ड कर लेते हैं। यह ऐप फोन के लॉक होने के बाद भी बैकग्राउंड में काम करता है, जिससे यह और भी खतरनाक हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### रसायन विज्ञान परीक्षा सावित्री रही प्रथम

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के एमएससी रसायन विज्ञान के अंतिम परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विभागाध्यक्ष डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष के परिणाम अत्यंत सराहनीय रहे हैं। उन्होंने बताया कि एमएससी रसायन विज्ञान की छात्रा सावित्री ने 82.67 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है। छात्र बिशन सिंह ने 78.67 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा छात्रा सुमन ने 78.17 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों की इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हरजिंद्र सिंह ने सभी छात्रों को उनकी मेहनत और लगन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### बालिका जन्म पर कुआं पूजन कार्यक्रम

**सिरसा।** ग्राम पंचायत सलारपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग, खंड माधोसिंघाना के तत्वावधान में दक्षिता पुत्री लेखराज बालिका जन्म के अवसर पर कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सुपरवाइजर कुसुम शर्मा ने किया। इस अवसर पर समाज में बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने और घटते लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त की गई। विभाग की ओर से बताया गया कि लिंगानुपात सुधार के लिए समय-समय पर कुआं पूजन, भ्रूण हत्या रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम, बेटी जन्मोत्सव और बेटी प्रोत्साहन जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### किराये के मकान में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़

**डबवाली।** पुलिस ने डबवाली शहर में किराये के मकान में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापामार कार्रवाई के दौरान नशा मुक्ति केंद्र से चार नशा पीड़ितों को भी मुक्त करवाया है। शहर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने गुरुवार को बताया कि पुलिस को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली कि शहर के चौहान नगर क्षेत्र में अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिसमें नशा छुड़वाने के एवज में मोटी रकम भी ऐंठी जा रही है। उन्होंने बताया कि निहाल सिंह व बलकरण सिंह द्वारा चौहान नगर में बालकृष्ण का मकान किराये पर लिया हुआ है और यहां नशा मुक्ति केंद्र खोला गया है।

### युवक सुसाइड मामले में हत्या का आरोप

**सिरसा।** शहर के थेहड़ मोहल्ला निवासी युवक सुमित के सुसाइड मामले में नया मोड़ आया है। परिजनों का आरोप है कि एक वीडियो मिला है, जो सुमित ने मरने से पहले कुछ सेकेंड बनाया था। उस वीडियो में उसने अपने ही सालों पर आरोप लगाए हैं। युवक ने वीडियो में कहा कि वह अपने साले बॉबी और जग्गू की वजह से आत्महत्या कर रहा है। यह शिकायत मृतक युवक के भाई ने पुलिस को दी है। पुलिस भी इसी आधार पर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि 31 वर्षीय मृतक सुमित दो दिन पहले अपनी ससुराल गांव तेजाखेड़ा में गया था। वहां पर अपनी पत्नी और चचिया ससुर से मिला था। इसके बाद अपने घर यह कदम उठा लिया।

## गांव बरसीन में रात्रि दरबार कार्यक्रम का आयोजन

# डीएसएससी ने पात्र परिवारों के मौके पर ही बनाए राशन कार्ड, डीसी ने किया सम्मानित

- कार्यक्रम में कुल 39 ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का निवेदन प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। डीएफएससी विनीत जैन को सम्मानित करते डीसी व एसपी।

जिला प्रशासन आयोजित रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत बुधवार को उपायुक्त मनदीप कौर और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय गांव बरसीन में रात्रि दरबार लगाकर लोगों की शिकायतों को मौके पर ही सुना गया। इस कार्यक्रम में कुल 39 ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का निवेदन प्रस्तुत किया, जिन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच पारदर्शिता और तत्काल समाधान की नई संस्कृति स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम की सफलता का प्रत्यक्ष उदाहरण तब देखने को मिला जब रामचन्द्र और लक्खा सिंह के राशन कार्ड बनवाने की शिकायत दर्ज होने के तुरंत बाद डीएफएससी विनीत जैन ने पात्रता की जांच की और उनके राशन कार्ड तुरंत बनवाए। दोनों आवेदकों को फोन करके बुलाया गया और उपायुक्त के हाथों मौके पर ही राशन कार्ड सौंपे गए।

दरबार में गांववासी नवीन ने 16 फुट की गली में अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर उपायुक्त मनदीप कौर ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को तथ्यों की जांच और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कमला देवी की प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ की मांग पर उपायुक्त ने सीईओ जिला परिषद को आवेदन की जांच और वेरिफिकेशन करने को कहा। रुपा की दिव्यांग पेंशन की शिकायत पर उपायुक्त ने गांव के सरकारी डॉक्टर को मेडिकल बोर्ड से प्रमाण-पत्र तैयार करने के लिए दस्तावेज संलग्न करने के निर्देश दिए। अनूप कुमार की बिजली का फेस बदलने की शिकायत पर उपायुक्त ने डीएचबीवीएन के एक्सइएन को तुरंत तकनीकी समाधान करने को कहा। सुनील कुमार की पीने के पानी की सप्लाई ठीक करने की मांग पर उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल जांच और समाधान के निर्देश दिए। पवन कुमार की शिकायत पर सरकारी शैड का पानी उनके घर में आ रहा है, जिस पर सीईओ जिला परिषद ने वेल्डिंग के माध्यम से जल्द समस्या ठीक करने का आश्वासन दिया। मंजू की शिकायत पर एक निजी कंपनी ने उनके साथ 75000 रुपये का फ्रॉड किया, जिस पर एसपी सिद्धांत जैन ने डीएसपी जगदीश काजला को मामले की जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं हरदेव की प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग पर उपायुक्त मनदीप कौर ने उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीडीपीओ के पास आवेदन जमा करने को कहा। प्यारेलाल की शिकायत थी कि उनके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र हिसार से नहीं बन रहा, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को हिसार की शाखा से समन्वय कर आवेदन जमा करने के निर्देश दिए।गांव में बंटी ने लाइब्रेरी खुलवाने की शिकायत की, जिस पर सीईओ जिला परिषद ने बताया कि गांव में पहले से लाइब्रेरी मौजूद है और किसी भी दिक्कत को ठीक किया जाएगा। देशराज के गुमशुदा भाई की तलाश के लिए एसपी ने पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द उसे ढूंढने के निर्देश दिए। मोहित की बिजली लाइन शिफ्ट करने की शिकायत पर डीएचबीवीएन के एक्सइएन ने बताया कि लाइन शिफ्ट करने का टेंडर हो चुका है और 15 दिनों में काम शुरू हो जाएगा। ओमवती की आर्थिक सहायता की मांग पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रितेश की स्कूल के सामने नाले से गंदे पानी की निकासी की शिकायत पर बताया गया कि नाले का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। सायरी देवी के बिजली बिल को किश्तों में भरने की मांग पर डीएचबीवीएन के एक्सइएन ने किश्तों में भुगतान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। राजेन्द्र की ढाणी में बरसाती पानी की निकासी की शिकायत पर उपायुक्त ने सिंचाई विभाग को जांच और कार्रवाई करने को कहा।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्याम लाल, डीएसपी जगदीश काजला, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, पंचायत समिति चेयरमैन पूजा रानी, डीईओ संगीता बिश्नोई, बीडीपीओ अनिल बिश्नोई, सरपंच विकास कंबोज, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



सिरसा। बच्चों के साथ पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल। फोटो : हरिभूमि

# बेटियां पैदा नहीं होती बल्कि अवतरित होती हैं : गणेशी

- हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों को भोजन किय वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने कहा कि शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव होती हैं। बच्चों को आज अहसास करवाना चाहते हैं कि हम सभी भगवान के बच्चे हैं। प्रो गणेशी लाल गांव नटार स्थित सरकारी स्कूल में हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भोजन वितरण कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिशक्ति का रूप अगर इस धरती पर कोई हैं तो वो माँ हैं। बच्चे के शरीर में 9 दरवाजे होते हैं और इन 9 दरवाजों को माँ चमकती हैं, उसकी इनकी पूजा को सर्वोपरि मानते हुए कीजिए। बेटियां पैदा नहीं होती बल्कि अवतरित होती हैं। खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम में सिंगला परिवार की तीनों पीढ़ियाँ शामिल हुई। यहां पहुंचने पर प्रो गणेशी लाल, पुत्र मनीष सिंगला व पौत्र लक्ष्य सिंगला का स्कूल प्रशासन ने भव्य स्वागत किया। मनीष सिंगला ने इस मौके पर कहा कि कामयाब होने का एक ही मूलमंत्र हैं माता पिता की सेवा। सुबह सुबह अगर हम माता पिता के पैर छूकर निकलेंगे तो सभी कार्य अच्छे होंगे। उन्होंने कहा कि माँ बच्चे को कामयाब बनाती और माँ के चरणों में पुष्प अर्पित करना शुरू कीजिए। जीवन में मौन रहने की कला भी सीखिए क्योंकि ऐसा करने से अहंकार का अंत होता हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सरपंच बाबू राम, प्रिंसिपल मना राम, भाजपा जिला कमेटी सदस्य तरसेम सामा, मंडल अध्यक्ष राजेश जलंधरा, मंडल महामंत्री सुनील सोनी, प्रो गणेशी लाल के निजी सचिव हरपिंदर शर्मा, योगेश बिजारनिया, समाजसेवी सोनू सहित रिंकू बेदी, रवि कुमार, लक्ष्मण दास, गुरनाम व स्कूल स्टाफ के सभी मेंबर्स मौजूद थे।

# समाधान शिविर में सिर्फ समस्याएं सुनीं, नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल पर जिले में सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की शिकायतों का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। वीरवार को एडीसी अनुराग ढालिया ने समाधान शिविर में शिकायतें तो सुनी, लेकिन क्या समाधान हुआ इसका जिक्र नहीं है। डीसी अनुराग ढालिया ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके।

**समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतें**

समाधान शिविर में अलीपुर बरोटा निवासी बीरू सिंह ने पुलिस कार्यवाही न होने, नाढोड़ी निवासी जयपाल ने खाला चालू करवाने, जांडली कलां निवासी पिंकी ने जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम सही करवाने, झलनिया निवासी कृष्ण कुमार ने पोर्टल पर पंचायती जमीन को दर्शाने, पिरथला निवासी सुभाष चंद्र ने पीपीपी में इनकम कम करवाने, करंडी निवासी जगरूप ने सरपंच से मजदूरी दिलवाने, फतेहाबाद के समस्त दुकानदारों ने आईसीआईसीआई बैंक के नजदीक सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाने, खुनन के पूर्व सरपंच मिल्खा सिंह ने भारी बरसात के कारण फसल खराब का मुआवजा देने, छतरिया निवासी औम प्रकाश ने इंतकाल दर्ज करवाने, भूना निवासी कृष्णा व धर्मबीर सिंह ने मकान मुरम्मत की राशि दिलवाने, बनावाली सौतर निवासी प्रदीप कुमार ने फसल नष्ट करवाने वाले दोषियों पर कार्यवाही करने, लाली निवासी मंथरा बाई ने मकान गिरने पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने, भूथन कलां निवासी कुलदीप सिंह ने पक्की फिरनी बनवाने, खुंबर निवासी गोविंद ने रिचार्ज बोर का पानी न छोडने तथा माजरा निवासी शांति ने बिजली का बिल ज्यादा आने की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखी। लोक संपर्क विभाग ने समाधान शिविर में आई उपरोक्त समस्याओं का तो जिक्र किया, लेकिन इसका हल क्या हुआ है, इसका जिक्र नहीं है। फरियादियों को न्याय मिला या नहीं यह अभी भी बड़ा सवाल बना हुआ है।

## बढ़ी हुई फीस को कम किए जाने का दिया आश्वासन

# फीस बढ़ोतरी को लेकर विद्यार्थियों ने सीडीएलयू के कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। सीडीएलयू में ज्ञापन देने पहुंचे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में स्पेशल चांस-2025 की फीस बढ़ोतरी को लेकर वीरवार को विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. विजय कुमार से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता विजय अरोड़ा, राजेंद्र सिंह व मनदीप सिंह ने बताया कि सितम्बर-2025 एग्जाम फीस को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 25 अगस्त, 2025 को सितंबर-25 स्पेशल नॉर्मल चांस का नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें विद्यार्थियों की सेमेस्टर फीस 8000 रुपये कर रखी है, जोकि पहले 750 रुपए थी। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत करवाया कि सितंबर-23-24 में भी विद्यार्थियों को स्पेशल चांस दिए गए, जिसमे विद्यार्थियों की फीस 750 रुपये थी, जो अब बढ़ाकर 8000 कर दी गई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के तहत 60 कालेज संचालित हैं व यहां एससी व एसटी, ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी पढने आते हैं, जो स्वयं सरकारी स्कॉलरशिप पर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं, ऐसे विद्यार्थी 8000 रुपए कैसे भर सकेंगे। विद्यार्थियों ने बताया कि कुलपति प्रो. विजय कुमार ने आश्वासन दिया कि बढ़ी हुई फीस को कम किया जाएगा।



डबवाली। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला डबवाली में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

### भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा की मदद कीः अभय चौटाला

**डबवाली।** इंडियन नेशनल लोकदल के नेता अभय सिंह चौटाला का कहना है कि हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का श्रेय कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जाता है। उन्होंने कहा कि ईडी के डर से भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अंदर खाते भाजपा की मदद की। चौधरी देवीलाल की जयंती को लेकर रोहतक में होने वाले आयोजन की बाबत डबवाली में कार्यकर्ताओं को निमंत्रण देने आए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि कांग्रेस की अंदरुनी रिपोर्ट में यह साफ था कि 30 मौजूदा कांग्रेस विधायकों में से 16 चुनाव हार रहें हैं। इस के बावजूद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सभी मौजूदा कांग्रेस विधायकों को टिकट दिलवाया और उन में से ज्यादातर हार गए। इतना ही नहीं कांग्रेस उम्मीदवारों को हराने के लिए कई जगह अपने समर्थकों को बागी भी खड़ा किया। इसका उचाना हल्का प्रमुख उदाहरण है जहां हुड्डा के तीन समर्थक कांग्रेस उम्मीदवार के सामने चुनाव मैदान में उतरे और कांग्रेस हार गई। अभय सिंह चौटाला ने जेजेपी नेताओं पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलने की बात करने वाले लोग उनकी जयंती मनाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।अब यह लोग चौधरी देवीलाल की फोटो नहीं लगाते बल्कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की फोटो लगाते हैं,जिनकी पहले नहीं लगाते थे।अभय सिंह चौटाला ने कहा कि थोड़े दिन रुक जाओ यह लोग उनकी यानि अभय सिंह चौटाला की फोटो भी लगाएंगे।इस मौके पर विधायक आदित्य देवीलाल, पार्टी नेता राम पाल माजरा, पूर्व विधायक सीता राम, संदीप चौधरी व अन्य पार्टी नेता मौजूद थे।

### फौजी सुनील ने खिलाड़ियों को भेंट की स्पोर्ट्स किट

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव साहूवाला द्वितीय के भूतपूर्व सैनिक सुनील कुमार ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूवाला द्वितीय के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट भेंट स्वरूप दी। उनके इस सराहनीय कदम से विद्यालय के खिलाड़ियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। सुनील कुमार के पिता ओमप्रकाश तुसीया तथा गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया, जहां खिलाड़ियों ने इस योगदान का स्वागत करते हुए खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू पूनिया ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए सुनील कुमार फौजी तथा उनके साथियों का आभार व्यक्त किया।

## शहरी क्षेत्र में हर रोज चलेगा पशु पकड़ो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि शहरी क्षेत्र से प्रतिदिन बेसहारा पशुओं को पकड़ा जाएगा और कोई व्यक्ति पशुओं को सड़क पर छोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बुधवार को देर सायं लघुसचिवालय के सभागार में नगर पार्षदों व पशु डेयरी संचालकों सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहर में सबसे बड़ी समस्या पशुओं के सडक़ पर रहने की आ रही है। एडीसी ने कहा कि अक्सर कई पशुपालक दूध निकालने के बाद पशुओं को सडक़ पर छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ अब कार्रवाई में लाई जायेगी। जो लोग ऐसा कर रहे हैं उन्हें चिह्नित करने के लिए टीमें लगाई जाएगी। पशु डेयरी द्वारा गोबर सीवरेज में डालने संबंधी मामले में उन्होंने कहा कि इसकी जांच जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा करवाई जाएगी और यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित का चालान किया जाएगा, चालान की राशि नहीं दी तो यह नगर परिषद द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के साथ अटैच कर दी जाएगी। शहरवासियों को पशुओं की समस्या से निजात दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में जो लोग पशु रख रहे हैं उनके यहां भी टीम सर्वे करेगी और प्रत्येक पशु का फोटो भी लिया जाएगा और उसे नगर परिषद के पास एक एप में सुरक्षित रखा जाएगा। जब भी वह पशु सडक़ पर आएगा तो एप के फोटो से उसका मिलान किया जाएगा। इस सर्वे के लिए पशुपालन व नगर परिषद की संयुक्त टीम बनाई जाएगी। एडीसी ने कहा कि जिन पशुओं के टैगिंग की गई है उनकी जांच नगर परिषद द्वारा की जाएगी ताकि उन्हें खुला छोडऩे पर पशुपालक के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## न्यूज डायरी

### बिना अनुमति लगाए फ्लेक्स-बोर्ड तो देना होगा जुर्माना


**फतेहाबाद।** नगर परिषद फतेहाबाद ने शहर की सूरत बिगाडऩे वालों के खिलाफ कमर कस ली है। सार्वजनिक और निजी संपत्तियों के साथ-साथ बिजली के पोलों पर बिना अनुमति फ्लेक्स, बोर्ड और बैनर लगाने वालों पर अब गाज गिरनी तय है। परिषद ने ऐसे लोगों को नोटिस जारी कर सख्त चेतावनी दी है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित लोग दो दिन के भीतर नगर परिषद कार्यालय में जुर्माना राशि जमा करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद ने साफ किया है कि भविष्य में अगर बिना अनुमति इस तरह की प्रचार सामग्री लगाई गई तो कड़ा एक्शन होगा। नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1989 के तहत की जा रही है। इस कानून के तहत 5,000 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।

### गणेश उत्सव के प्रथम दिन भजनों ने बांधा समा




**फतेहाबाद।** स्वस्तिक सेना द्वारा आयोजित गणेश उत्सव के प्रथम दिवस पर श्री कृष्ण कृपा पाठ का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण कृपा परिवार के प्रधान श्री दीपक सरदाना ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री कृष्ण कृपा परिवार के सदस्यों ने भगवान श्री गणेश जी की महिमा का गुणगान किया। उसके बाद भजन प्रवाहक नरेंद्र मोंगा ने गणेश वंदना के साथ गणपति बप्पा का स्वागत किया। कार्यक्रम में टी सीरिज कलाकार भारत भैया ने सुंदर भजनों के साथ 'हम तो भरोसे श्री राधा महारानी के, बिन पिये नशा हो जाता है' आदि भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

### एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेश की अंजना रही प्रथम



**फतेहाबाद।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा घोषित बीएड द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा है। कॉलेज की छात्रा ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 में जगह बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। शानदार परिणाम के बाद कॉलेज में उत्साह का माहौल रहा। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या ने बताया कि कॉलेज की छात्रा अंजना रानी ने 591 अंक प्राप्त करके कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष गौरव की बात यह है कि उसने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में भी अपना स्थान अर्जित किया है जोकि संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा छात्रा साक्षी ने 580 अंक प्राप्त करके कॉलेज में दूसरा स्थान पाया वहीं विशाखा 576 अंकों के साथ कॉलेज में तीसरे स्थान पर रही।

### रॉयल स्कूल खारा खेड़ी में गणेश चतुर्थी का आयोजन



**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल में गणेश चतुर्थी का भव्य आयोजन किया गया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की सुंदर, मनमोहक और पर्यावरण अनुकूल प्रतिमा की स्थापना की गई जिसे कला एवं शिल्प संकाय के इंचार्ज प्रीति और ओमवीर ने निपुणता से तैयार किया था। इस आयोजन में जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने गणपति जी का रूप धारण कर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे-धजे विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य ने फूलों की वर्षा के बीच प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की प्रतिमा को सजे धजे पंडाल में स्थापित किया। संपूर्ण वातावरण 'गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया' के नारों से गूंज उठा।

## यह अभियान लोगों की सोच और जीवनशैली में स्वच्छता को स्थायी बनाने का प्रयास : एडीसी

# अभियान चलाकर दिया स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत नगर परिषद सिरसा व डबवाली तथा नगर पालिका कालांवाली और ऐलनाबाद द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सात नवंबर तक शहरी निकाय क्षेत्रों में चलेगा। जिले के शहरी क्षेत्रों में टीमों ने जहां मुख्य बाजारों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया वहीं आमजन, दुकानदारों, फल विक्रेताओं को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा ऐलनाबाद में स्कूली बच्चों को स्वच्छता शपथ भी दिलवाई गई और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। अतिरिक्त उपायुक्त विरेंद्र सहरावत ने बताया कि 11 सप्ताह तक चलने वाला यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों की सोच और जीवनशैली में स्वच्छता को स्थायी बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, नगर परिषदें, विद्यालय व सामाजिक संगठन मिलकर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दे रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे न केवल अपने घरों व मोहल्लों की सफाई पर ध्यान दें, बल्कि पेड़-पौधों की देखभाल और कूड़ा प्रबंधन की आदत भी विकसित करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज और सुंदर शहर का निर्माण संभव है।



सिरसा। स्वच्छता अभियान चलाते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**विभिन्ना सार्वजनिक स्थलों पर लगाए पौधे**

ऐलनाबाद में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ नगर परिषद ऐलनाबाद द्वारा सीआरडीएवी स्कूल और विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधारोपण अभियान में टीम मिशन ग्रीन ऐलनाबाद संस्था ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्था के सदस्य एवं स्कूली बच्चों ने मिलकर दर्जनों पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इसके अलावा राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऐलनाबाद में स्वच्छता शपथ आयोजित की गई, जिसमें अध्यापकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। शपथ के दौरान सभी ने यह वचन लिया कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

*विकास कार्य न होने से गुस्साए पार्षद ने नप कार्यालय के बाहर दिया धरना*

# अन्य पार्षदों ने किया समर्थन, डीएमसी व नप हाउस की मीटिंग रद, परिषद के प्रधान के आने के बाद पार्षदों से हुई मीटिंग, तब जाकर धरना किया खत्म

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

फतेहाबाद शहर में विकास कार्य नहीं होने से आहत पार्षद का गुस्सा आखिरकार फुट ही पड़ा। वार्ड में विकास कार्य न होने से गुस्साया पार्षद वीरवार को नगर परिषद कार्यालय में धरने पर बैठ गया। एक्सईएन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठने के बाद 3 पार्षद उनके समर्थन में आकर धरने पर बैठ गए व अन्य पार्षदों ने भी पार्षद के मांगों को जायज बताया। सबसे पहले वार्ड नंबर एक के पार्षद राजू तूड़ेवाला ने धरने की शुरूआत की। इसके बाद उनको समर्थन देते हुए उनके साथ पार्षद अर्जुन कटारिया, सुभाष नायक, सुखदेव सिंह भी बैठ गए। पार्षद मनोहर लाल नारंग, ज्योति मेहता, रमेश मेहता ने भी उन्हें अपना समर्थन दिया। पार्षदों के आक्रमक रूख को देखकर नगर परिषद की उपप्रधान सविता टुटेजा और एक्सईएन ज्ञान प्रकाश वधवा पार्षदों के पास पहुंचे। एक्सईएन ज्ञान प्रकाश ने पार्षद के बराबर जमीन पर बैठ कर उन्हें मनाने का प्रयास किया। साथ ही विकास कार्यों में कोई दिक्कत नहीं आने देने का भी भरोसा दिया। मगर, पार्षद राजू ने कहा कि जब तक उनके वार्ड में विकास कार्यों के टेंडर नहीं लगेंगे, तब तक वह नहीं उठेंगे।पार्षद राजू तूड़ेवाला ने कहा कि उसके वार्ड की गलियों का जाकर हाल देखो। बुरा हाल हो चुका है। बार-बार मांग उठाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हो रहा है। गलियों का भी निर्माण नहीं हो रहा है। वार्डों में विकास कार्यों में भी भेदभाव किया जा रहा है। किसी वार्ड में तो लाखों के काम हो चुके हैं, जबकि उनके वार्ड की सुध नहीं ली जा रही है। राजू ने कहा कि पांच बार हाउस की मीटिंग हो गई। मगर, अभी तक कोई विकास कार्य शुरू नहीं किया गया है। इसके बाद सूचना पाकर नगर परिषद के प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची भी एक्सईएन कार्यालय पहुंच गए। इसके बाद पार्षदों ने उनके सामने भी अधिकारियों पर काम नहीं करने के आरोप लगाए। पार्षद सुभाष नायक ने कहा कि, उनके वार्ड में भी काम नहीं हो रहे हैं। उन्होंने तो एक्सईएन कार्यालय में ही नारेबाजी करनी शुरू कर दी। इसके बाद एक्सईएन ज्ञान प्रकाश के कार्यालय में प्रधान राजेंद्र खिंची, ईओ राजेंद्र सोनी और एक्सईएन ने पार्षदों के साथ विकास कार्यों और उनको लेकर आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद ही पार्षदों ने धरना हटाया।

एक्सईएन ज्ञान प्रकाश वधवा ने बताया कि अभी बारिश का मौसम है। काफी मात्रा में बारिश हुई है। अगर इस समय गलियों का काम शुरू करवाते हैं, तो और स्थिति खराब हो जाएगी। बारिश रुकने के बाद काम शुरू करवा दिए जाएंगे। कुछ कार्य नहीं होने के पीछे टेक्निकल कारण भी है।





फतेहाबाद। नगर परिषद में बैठक करते पार्षद व कार्यकारी अभियंता व नगर परिषद कार्यालय में धरने पर बैठा पार्षद राजू तूड़ेवाला। फोटो :हरिभूमि

### नप हाउस की बैठक रद

*बता दें कि वीरवार को डीएमसी संजय बिश्नोई ने नगर परिषद अधिकारियों व पार्षदों के साथ बैठक करनी थी, जबकि 1 सितंबर को नगर परिषद की हाउस की बैठक प्रस्तावित थी। पार्षदों ने चेतावनी दी कि बिना विकास कार्य शुरू हुए बैठक की तो वह हंगामा खड़ा कर देंगे। इसके बाद नगर परिषद ईओ ने दोनों बैठकें रद्द कर दी।*

## खबर संक्षेप

### दुकान से 22 हजार रुपये की नकदी चोरी

**सिरसा।** शहर की एमसी मार्केट में एक फल विक्रेता की दुकान से अज्ञात लोग 22 हजार की नकदी व दो चांदी के सिक्के चुराकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में बी-ब्लॉक निवासी राजकुमार गिरधर ने बताया कि न्यू एमसी मार्केट में उसकी राहुल फ्रूट के नाम से दुकान है। दोपहर को वह दुकान के पीछे बने पब्लिक बाथरूम में वाशरूम के लिए गया था। तभी किसी अज्ञात ने उसकी दुकान से 22 हजार रुपए की नकदी ओर दो चांदी के सिक्के चुरा लिए। उसने आसपास में तलाश किया और पूछा तो कोई पता नहीं चला।

### होटल के आगे से बाइक चोरी

**सिरसा।** शहर में होटल के आगे से होटल के मालिक की ही बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव अलीमोहम्मद निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया कि उसका एक होटल है। उसके एक सीटी 100 बाइक अपने जानकार कुंदन से खरीदी हुई थी। उसका कारिंदा घर खाने लाने गया हुआ था। जब वह आया तो उसने बाइक को होटल 7 स्टार के सामने भादरा बाजार नजदीक प्रभात पैलेस पर रात करीब 11 बजे खड़ी की। जब अगले दिन सुबह जाकर देखा तो वहां पर बाइक नहीं मिली।

### समस्याओं का तुरंत समाधान करें : डीआरओ

**सिरसा।** समाधान शिविर में जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने शिकायतें सुनी। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें समाधान शिविर में आई हैं, उन्हें तत्काल समाधान के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को भेजें। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में सोमवार को कुल 22 शिकायतें आई। डीआरओ संजय कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जानी है और इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भी दी जाए ताकि शिकायत का स्टेटस की जानकारी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि आम आदमी को समाधान शिविर में शिकायत देने पर ये उम्मीद रहती है कि शिकायत का जल्द समाधान होगा। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

### भट्टू मण्डी में मूंगफली में सरकारी खरीद 15 सितम्बर से शुरू करवाने की मांग पर किसानों ने दिया धरना

# भट्टू में सेमग्रस्त भूमि से पानी निकालने के लिए सौर ऊर्जा चलित पम्पों को चालू किया जाए: विष्णुदत्त

**धरने की अध्यक्षता साधुराम भादू ने की तथा संचालन सुभाष चन्द्र ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

भट्टूकलां के गांवों में सेम ग्रस्त जमीन का पानी सौर ऊर्जा चालित पम्पों से निकलवाने और मूंगफली की खरीद 15 सितम्बर से शुरू करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा आज भट्टू में तहसीलदार कार्यालय पर धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता साधुराम भादू ने की तथा संचालन सुभाष चन्द्र ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने भाग लिया। आज के धरने में भट्टू क्षेत्र से काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया और जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने के बाद नायब तहसीलदार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भट्टू क्षेत्र के अनेक गांवों में सेम और हाल ही में हुई भारी बरसात के कारण हुए जलभराव से फसलें खराब हो गई है। किसान लंबे समय से सेम समस्या के स्थाई समाधान की मांग कर रहे हैं। सरकार और सत्ताधारी दल के नेता इस समस्या के निपटारे के दावे तो बड़े कर रहे हैं लेकिन हालात आज भी जस के तस बने हुए हैं। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से किसानों की समस्या को गंभीरता से लेने और खेतों में भरे पानी की जल्द निकासी करवाने की मांग की। इसके अलावा किसान सभा ने बीमा कम्पनियों द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए गांवों में सर्वे करवाने के लिए सर्वेयर के साथ कृषि विभाग के कर्मचारी व किसान को भी नियुक्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बीमा कम्पनियों की बजाय मुआवजा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल देखकर भी दिया जा सकता है



भट्टूकलां। धरने के बाद अधिकारी को मांग पत्र सौंपते किसान।

### एमएसपी पर खरीद के लिए भट्टू मण्डी निर्धारित

जैसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर मूंगफली का बीज बांटा गया हैं। उन्होंने कहा कि मूंगफली की एमएसपी पर खरीद के लिए भट्टू मण्डी निर्धारित की गई हैं। इसकी खरीद सरकारी रेट पर 1 नवम्बर 2025 को शुरू होनी सुनिश्चित की गई हैं जबकि मूंगफली की फसल सितम्बर में ही बाजार में आ जाती हैं। किसान सभा मांग करती है कि नवम्बर की बजाय मूंगफली की सरकारी खरीद 15 सितम्बर से ही आरंभ की जाए ताकि मूंगफली का किसानों को सही भाव मिल सकें। सेम व वर्षा के पानी निकासी के लिए जो सोलर पम्प लगाये गये है, उनमें से अधिकतर कनेक्शन अभी तक चालू ही नहीं किये गये हैं और कुछ सोलर पंप की मोटर खराब है तो कुछ सोलर पंप के बोर खराब हैं इसलिए गांव भट्टूकलां, खाबड़ा कलां, शेखुपुर, ढाबी कलां, ढाबी खुर्द में इन पम्पों को चालू किया जाए और इन सालेर पम्प सैटो की खरीद फरोख्त औ लगाये गये पम्पों की जांच करवाई जाए। इस अवसर पर हवा सिंह, हनुमान सभा, राजेन्द्र सिंह, प्रेम कुमार, ओमप्रकाश, पवन कुमार शर्मा, मनीष सिवाच, रोहताश, सूरजमल, महेन्द्र सिंह, साधुराम, सुभाष भादू, बलबीर सिंह, रमेश कुमार, महेन्द्र सिंह, सतबीर सिंह, फतेह सिंह, दिनेश भिड़ासरा, सुरेश साई, अजय माचरा, वीर सिंह, अजय सिंह, दलीप सिंह, पृथ्वी सिंह, फतेह सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**[ पोर्टल खोलने व मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन ]**

## बरसात से फसलों को भारी नुकसान, पोर्टल न खुलने से किसान परेशान : रामस्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

पिछले तीन दिनों में हुई भारी बरसात के बाद भूना क्षेत्र में किसानों की नरमा, कपास व अन्य फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। फसलों को हुए नुकसान के मुआवजो की मांग को लेकर किसान सभा भूना के आह्वान के किसानों ने आज उपतहसीलदार कार्यालय पर प्रदर्शन किया और उनके रीडर को डीसी को नाम मांग पत्र सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व किसान सभा के तहसील प्रधान मुंशीराम ने किया और विशेष तौर पर पूर्व जिला पार्षद रामस्वरूप ढाणी गोपाल मौजूद रहे। इस अवसर पर सचिव सोमनाथ, उपप्रधान ओमप्रकाश, बलबीर सिंह, निहाल सिंह, रिन्कू, नेकीराम, राजा शर्मा, दिनेश शर्मा, साजन कुमार सहित काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया। किसान नेता रामस्वरूप ने कहा कि भूना क्षेत्र में 24, 25 और 26 अगस्त को हुई भारी बारिश के कारण नरमा, कपास, ग्वार, बाजरा, सब्जी और अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

बरसात ने किसानों की सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है। पहले से कर्ज के बोझ तले दबे किसानों की आर्थिक हालत और भी खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जिला प्रशासन क्षतिपूर्ति पोर्टल खुलने की बात कह रहा है वहीं दूसरी ओर पोर्टल न खुलने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला जाए और जल्द फसलों की गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जाए ताकि किसान कर्जे से बच सके।



भूना। ज्ञापन सौंपते हुए किसान सभा के पदाधिकारी।

# नशे के खात्मे में करें सहयोग : वशिष्ठ

- नशे के खिलाफ चलाया संकल्प अभियान, लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन, मानवाधिकार परिषद हरियाणा ट्रस्ट व बेटा बचाओ अभियान ने गांव चामल स्थित न्यू विकास सीनियर सैकेंडरी स्कूल में रक्तदान व नशे के खिलाफ संकल्प अभियान चलाया। इस मौके पर सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल हुए। संस्था के अध्यक्ष अमनदीप बजाज व बेटा बचाओ अभियान के संयोजक तरूण भाटी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि प्रो. विजय कुमार ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में पैदा नहीं किया जा सकता। इसका एकमात्र विकल्प दान ही है। रक्तदान से शरीर में किसी प्रकार की कमी नहीं आती। सीएम के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने युवाओं से नशे के प्रति जागरूक होने की अपील की। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. दयानंद शर्मा ने कहा कि युवा देश की ताकत है, युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देना चाहिए व नशे के खिलाफ बेटा बचाओ अभियान हर गांव में चलना चाहिए। विशिष्ठ अतिथि प्रियंका बोमरा व महेंद्र कुमार ने रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रेम सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान न्यू विकास सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों ने नशे के विरूद्ध नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथिगणों व सभी रक्तवीरों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिविर में 53 यूनिट रक्तदान हुआ।



सिरसा। शिविर में एनसीबी यूनिट इंचार्ज होशियार सिंह रक्तदान करते हुए।

# गुरनाम सिंह की मुर्राह भैंसों ने जीता 50 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव मल्लेकां निवासी गुरनाम सिंह की मुर्राह नस्ल की दो भैंसों ने एक दिन में 22.18 और 18.76 किलोग्राम दूध देकर कुल 50 हजार रुपए का पुरस्कार जीता है। पशुपालन के उपनिदेशक डॉ. सुखविंदर सिंह चौहान व उपमंडल अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार के दिशा निर्देशानुसार गांव मल्लेकां के पशु चिकित्सक डॉ. रवि कुमार घोटड़ और गांव माधोसिंघाना के पशु चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार ने इन दोनों भैंसों की लगातार तीन दिन तक दुग्ध की क्षमता का मापन किया। जिसके बाद उन्हें विजेता घोषित किया गया। डॉ. रवि कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के दुधारू पशुओं में नस्ल सुधार को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के माध्यम से ऐसी स्कीमें चलाई जाती है, जिससे पशुपालन प्रोत्साहित होते हैं। डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस स्कीम के अंतर्गत भैंसों में मुर्राह नस्ल, गाय में हरियाणा व साहीवाल नस्ल को बढ़ावा देने के लिए लगातार तीन दिन तक दुग्ध क्षमता को नापा जाता है और प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।



सिरसा। गुरनाम सिंह की विजेता दो मुर्राह भैंस।

## कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सरकार नहीं गंभीर: मदनलाल

- ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्ज यूनियन की बैठक

**सिरसा।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्ज यूनियन के आह्वान पर वीरवार को कालांवाली सब यूनिट द्वारा केंद्र व हरियाणा सरकार और निगम मैनेजमेंट के खिलाफ कर्मचारियों की मांगों को लागू करवाने को लेकर बैठक हुई। उपराज्य प्रधान बाबूलाल और सर्कल सचिव मदन लाल कंबोज ने बताया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करवाने, ओपीएस को लागू करवाने, 8वें पे कमीशन के गठन का नोटिफिकेशन करवाने, अस्थाई कर्मियों को स्थाई करवाने और खाली पदों को भरने सहित अनेक मुद्दें को लेकर निगम मैनेजमेंट व सरकार गंभीर नहीं है। कर्मचारियों को अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए सडकों पर उतरकर लगातार संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। मैंबर केंद्रीय कमेटी सुभाष ढाल ने बताया कि डबवाली डिवीजन के तहत सब डिवीजनों में स्टाफ की भारी कमी है। खासकर कालांवाली में स्टाफ की अधिक कमी है और वर्क लोड अधिक होने के कारण कर्मचारियों के साथ हादसे हो रहे हैं। पिछले दिनों दो कर्मचारी हादसे का शिकार हो गए थे। उन्होंने निगम मैनेजमेंट को चेतावनी दी है कि जल्द स्टाफ की कमी को दूर नहीं किया गया तो कर्मचारी आंदोलन को मजबूर होंगे। उन्होंने निगम मैनेजमेंट, केंद्र व राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कमेटी के आह्वान पर 4 सितंबर को मुख्य अभियंता कार्यालयों पर प्रदर्शन और आगामी 10 सितंबर को अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्युत निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सभा के अंत में कालांवाली सब यूनिट के चुनाव करवाए गए।

### नशामुक्ति यात्रा में शामिल होकर युवा पीढ़ी को बचाने की मुहिम

# नशामुक्ति यात्रा आज, बीघड़ की पंचायतों और सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने दिया समर्थन, यात्रा में होंगे शामिल

**महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ड्रग को लेकर चला रहा अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नशामुक्त समाज को लेकर चलाई जा रही मुहिम में अब सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं के साथ-साथ ग्राम पंचायतें भी खुलकर सहयोग करने लगी है। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में शुरू हुई यह मुहिम के तहत 29 अगस्त को फतेहाबाद में विशाल नशामुक्ति यात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार को यह रैली प्रातः 9 बजे अनाज मण्डी शैड से शुरू होगी। नशामुक्त समाज की इस मुहिम को आज उस समय बल मिल जब गांव बीघड़ की दोनों पंचायतों के अलावा फतेहाबाद की सब्जी मण्डी आढ़ती एसोसिएशन ने भी इसे समर्थन देने की घोषणा की। गांव बीघड़ में आयोजित कार्यक्रम में दोनों पंचायतों के सरपंचों मनोज कुमार व हरिकृष्ण कटारिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह का स्वागत किया।



फतेहाबाद। नशामुक्त समाज की मुहिम को समर्थन देते गांव बीघड़ के ग्रामीण।

### समाज को एकजुट होना पड़ेगा

*इस अवसर पर सीताराम, राजाराम सैनी, स. भूपेन्द्र सिंह, अजय कुमार, रवि कुमार, मुकेश कुमार, नरेश सुखीजा, कालीचरण फुटेला सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे। महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने कहा कि नशामुक्ति यात्रा अनाज मण्डी से शुरू होकर सरकारी अस्पताल रोड, कबीर बस्ती, गुरूनानकपुरा होते हुए रतिया चुंगी पर समाप्त होगी। इस दौरान लोगों को नशा न करने और नशा न बेचने की अपील की जाएगी। भवानी सिंह ने समाज के सभी वर्गों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और शहरवासियों से इस यात्रा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि समाज को नशामुक्त करना किसी एक व्यक्ति के हाथ में नहीं है, समाज के सभी वर्गों को इसके लिए आगे आकर प्रयास करने होंगे तभी हम युवा पीढ़ी को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर कर सकते हैं। उन्होंने दोहराया कि अगर कोई भी व्यक्ति उनके क्षेत्र में नशा बेचने का काम करता है तो इसकी सूचना ट्रस्ट सदस्यों या पुलिस में दें। उस व्यक्ति के खिलाफ ट्रस्ट द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से सख्त कार्रवाई की जाएगी।*